मांग | कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी, एलपीजी वितरकों ने 6 नवंबर से नो मनी, नो इंडेंट हड़ताल की घोषणा

# महंगाई की मार से बेहाल एलपीजी वितरक, डिलीवरी शुल्क में तत्काल बढ़ोतरी की मांग




**मंडला 24 अक्टूबर नभाप्र.** बढ़ती महंगाई और वाहन खर्च में लगातार हो रही वृद्धि के बावजूद प्रशासनिक शुल्क और होम डिलीवरी प्रभार में लंबे समय से बढ़ोतरी न होने से नाराज मंडला जिले के एलपीजी वितरकों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। भारत गैस, इंडियन ऑयल और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के वितरकों ने संयुक्त रूप से काली पट्टी बांधकर कलेक्टर के माध्यम से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के नाम एक ज्ञापन सौंपा। वितरकों ने तत्काल प्रभाव से होम डिलीवरी और प्रशासनिक प्रभार में न्यूनतम 75 रूपए की बढ़ोतरी की मांग की है।

वितरकों ने ज्ञापन के माध्यम से अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासनिक प्रभार और डिलीवरी शुल्क में वृद्धि वर्ष 2019 तक नियमित रूप से की जाती रही थी, लेकिन वर्ष 2020-21 में कोविड-19 के कारण यह रुक गई। दो साल के अंतराल के बाद मई 2022 में जो वृद्धि की गई वह अत्यंत कम थी। इसके बाद पिछले दो वर्षों से इसमें कोई वृद्धि नहीं की गई है। उन्होंने कहां कि जहां एक ओर शासकीय सेवकों और ऑयल कंपनी के अधिकारियों को हर वर्ष जनवरी और जुलाई में मंहगाई भत्ता मिलता है, वहीं एलपीजी वितरकों को दो साल से अधिक समय से चार्ज में कोई वृद्धि नहीं मिली है, जिससे उनका जीवन यापन करना कठिन हो गया है।

### राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रस्ताव किया था पारित

एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन ने बताया कि विगत 19 अप्रैल 2025 को अपने राष्ट्रीय अधिवेशन में इस संबंध में एक सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित किया गया था, लेकिन मंत्रालय ने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है। वितरकों का कहना है कि शुल्क वृद्धि न होना पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा गठित डिनोबा समिति की सिफारिशों के अनुरूप एलपीजी वितरकों के सेवा प्रभार एवं होम डिलीवरी चार्ज में वृद्धि नहीं किए जाने के वितरकों के अधिकारों का हनन है।

### ज्ञापन सौंपने के दौरान ये रहे मौजूद

अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपने के दौरान मूलचंदानी एचपी गैस एजेंसी पड़ाव रोड मंडला, हीरा एचपी गैस ग्रामीण वितरक मवई, विनायक एचपी गैस सिझोरा, आराध्या एचपी गैस ग्रामीण वितरक घुघरी, मंडला गैस कंपनी बस स्टैंड रोड मंडला, पूजा एचपी गैस ग्रामीण वितरक, मां एचपी गैस ग्रामीण वितरक, गायत्री एचपी गैस ग्रामीण वितरक, रूसिया इंडेन, श्री कृष्णा एचपी गैस लिमरुआ, अनुजा एचपी गैस पिंडरई, शुभम गैस एजेंसी नैनपुर, गरीब नवाज गैस एजेंसी बीजाडांडी के वितरक उपस्थित रहे।

### गैस वितरकों ने दी चेतावनी

गैस वितरकों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार उनकी इस मांगों को नहीं मानती है, तो वे भारत के सभी वितरक अपना कारोबार बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए बाध्य होंगे, जिसकी सूचना अलग से दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों पर ऑयल कंपनियों के बढ़ते दबाव और कुछ वितरक, अधिकारियों द्वारा प्रताड़ित किए जाने के बाद आत्महत्या तक कर चुके है। गैस वितरकों ने कहां कि यदि भारत सरकार एलपीजी वितरकों को गरिमा अनुरूप जीवन यापन करने के लिए उनकी लागत के अनुसार सेवा शुल्क नहीं देता है तो एलपीजी वितरकों के पास आंदोलन करने के अलावा और कोई रास्ता नहीं है। एलपीजी वितरकों ने अनुरोध किया है कि वर्तमान महंगाई को देखते हुए एलपीजी वितरकों को उनकी लागत के अनुसार होम डिलीवरी और प्रशासनिक प्रभार में न्यूनतम 75 रूपए की बढ़ोतरी की जाए।




### तीन चरणों में होगा आंदोलन

एसोसिएशन ने अपनी मांगों के समर्थन में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने का निर्णय लिया है। 24 अक्टूबर को सभी वितरकों और कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद 29 अक्टूबर को सभी वितरक अपने प्रदेश की राजधानी, जिला मुख्यालयों और तहसील मुख्यालयों पर शाम 7 बजे के बाद मशाल जुलूस या मोमबत्ती जलाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। यदि मांगों पर जल्द विचार नहीं हुआ तो तीसरे चरण में 06 नवंबर से सभी एलपीजी वितरक नो मनी, नो इंडेंट की नीति अपनाएंगे। यानी न तो अकाउंट में पैसा जमा करेंगे और न ही गैस स्टॉक का इंडेंट करेंगे।

# चलती इंटरसिटी में चढ़ते समय प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच फंसा यात्री

कमर्शियल इंस्पेक्टर ने दिखाई जांबाजी, नैनपुर रेलवे स्टेशन पर बड़ा हादसा टला

लिपिक को बचाने में इंस्पेक्टर खुद भी घिसटा, जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी में चढ़ने की जल्दबाजी में हुआ हादसा



**नैनपुर 24 अक्टूबर नभाप्र.** मंडला जिले के नैनपुर रेलवे स्टेशन में शुक्रवार सुबह एक बड़ा रेल हादसा उस समय टल गया, जब चलती इंटरसिटी एक्सप्रेस में चढ़ने का प्रयास कर रहे एक यात्री का पैर फिसल गया और वह ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंस गया। मौके पर ड्यूटी पर मौजूद कमर्शियल इंस्पेक्टर किशोर समुन्द्रे की तत्परता और बहादुरी से यात्री की जान बचाई जा सकी। बताया गया कि यह घटना सुबह करीब 8 बजे की है। जब लखनादौन निवासी देवेंद्र डहरिया जो मंडला न्यायालय में लिपिक के पद पर कार्यरत हैं, जबलपुर से रायपुर जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस पकड़ने के लिए स्टेशन पहुंचे थे। बताया गया कि जैसे ही वह प्लेटफॉर्म पर पहुंचे, ट्रेन चलने लगी। जल्दबाजी में ट्रेन में चढ़ने के प्रयास के दौरान उनका पैर फिसल गया और वे ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच की खतरनाक जगह में गिर गए। प्लेटफॉर्म पर टिकटों की जांच कर रहे कमर्शियल इंस्पेक्टर किशोर समुन्द्रे ने यह दुर्घटना होते हुए देख लिया। उन्होंने बिना समय गंवाए तुरंत दौड़कर यात्री को पकड़ लिया। यात्री को बाहर खींचने के प्रयास में इंस्पेक्टर स्वयं भी प्लेटफॉर्म पर कुछ दूर तक घिसट गए। इंस्पेक्टर की त्वरित कार्रवाई और अन्य यात्रियों की मदद से देवेंद्र डहरिया को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस घटना के कारण ट्रेन भी तत्काल रुक गई और एक बड़ा हादसा टल गया।

### पैरों में आई गंभीर चोट

दुर्घटना में यात्री देवेंद्र डहरिया के पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें तुरंत नैनपुर सिविल अस्पताल ले जाया गया। बीएमओ डॉ. चावला ने बताया कि देवेंद्र डहरिया को खरोंचों के साथ पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। फैक्चर की आशंका के चलते उनका एक्स-रे कराया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है और आगे की जांच जारी है। इस घटना से ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों से सावधानी बरतने और चलती ट्रेन में ना चढ़ने की बात कही है।

# महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन एवं पोषण माह के लिए जागरूकता अभियान

हनुमान घाट पर सुरक्षित पर्यटन और पोषण माह पर बैठक

राष्ट्रीय किशोर कार्यक्रम के परामर्शदाता हुए शामिल

**मंडला 24 अक्टूबर नभाप्र.** महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल कार्यक्रम और पोषण माह की गतिविधियों के अंतर्गत हनुमान घाट पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय किशोर कार्यक्रम के सभी परामर्शदाता और सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में कार्ड संस्था द्वारा पोषण आहार और स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी विस्तार से साझा की गई। उपस्थित सभी सदस्यों को इन विषयों पर व्यापक जानकारी प्रदान की गई। बैठक के तुरंत बाद राष्ट्रीय किशोर कार्यक्रम के सदस्यों ने होटल, रिसोर्ट व विभिन्न भीड़-भाड़ वाली जगहों पर पहुंचकर इन विषयों के प्रति जागरूकता के लिए प्रचार-प्रसार किया।

### संदेश को गांवों तक पहुंचाने की पहल

परामर्शदाता नीरज दुबे ने इस अवसर पर कहा कि इस महत्वपूर्ण जानकारी को केवल शहर तक सीमित न रखते हुए आगे विभिन्न क्लस्टर और गांवों तक भी पहुंचाया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोगों तक यह आवश्यक जानकारी पहुँच सके। उन्होंने सभी सदस्यों से इस जागरूकता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया।



### पोषण और स्वच्छता की दी जानकारी

इस बैठक के माध्यम से राष्ट्रीय किशोर कार्यक्रम के परामर्शदाताओं और सदस्यों ने कार्ड संस्था के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने संकल्प लिया कि वे पोषण आहार और स्वच्छता के महत्व के बारे में अपने किशोर-किशोरी साथिया को जानकारी प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। यह पहल इन विषयों पर जागरूकता बढ़ाएगी और समुदाय में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक होगी।

# साईकिल से अनियंत्रित होकर गिरा वृद्ध, सिर में आई गंभीर चोट

एम्बुलेंस की मदद से पहुंचाया नारायणगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र

**मंडला 24 अक्टूबर नभाप्र.** विकासखंड नारायणगंज के ग्राम बीजेगांव भावल में एक वृद्ध साईकिल से गिरकर घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल वृद्ध के पास पहुंचे और तुरंत 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस घटना स्थल पहुंची और घायल वृद्ध को तत्काल नारायणगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उपचार के लिए लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने तत्काल वृद्ध का उपचार शुरू किया। जानकारी अनुसार नेशनल हाईवे 30 मार्ग में नारायणगंज ब्लाक के ग्राम बीजेगांव भावल में जगत सिंह उइके पिता सुराली उइके 64 वर्ष गांव में ही साईकिल से किसी कार्य से जा रहे थे। इसी दौरान बीजेगांव मार्ग में ही एक लंबे उतार में वृद्ध की साईकिल अचानक अनियंत्रित हो गई।





साईकिल अनियंत्रित होने के कारण वृद्ध तेज रफ्तार में उतार से नीचे होते हुए गिर गया। तेज रफ्तार में उतार से अनियंत्रित होने के कारण वृद्ध को सिर में गंभीर चोटे आई। इसके साथ ही शरीर के अन्य स्थानों में भी चोटे लगी। बताया गया कि वृद्ध के गिरने के बाद तत्काल आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एम्बुलेंस तत्काल घटना स्थल पहुंची और घायल वृद्ध जगत सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज लेकर पहुंचे। जहां तत्काल वृद्ध का उपचार चिकित्सक द्वारा शुरू किया गया। वृद्ध के सिर में करीब पांच से छह टांके भी लगाए गए है। साईकिल से गिरने के कारण सिर में गंभीर चोट लग गई थी। फिलहाल वृद्ध जगत सिंह का उपचार नारायणगंज में ही चल रहा है।

# अनियंत्रित होकर गिरा बाईक सवार, हुआ घायल

नारायणगंज के भावल में हुआ हादसा

**नारायणगंज 24 अक्टूबर नभाप्र.** नारायणगंज के ग्राम भावल मार्ग में एक बाईक सवार सामने से आ रहे वाहन को देखकर अचानक अनियंत्रित हो गया। जिसके कारण बाईक सवार बाईक से अपना नियंत्रण खो दिया और बाईक समेत गिर गया। इस हादसे में युवक को हाथ, पैर और शरीर के स्थान में चोटे आई। हादसे के बाद घटना स्थल के पास मौजूद लोगों ने एम्बुलेंस को सूचना दी।



सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायल युवक को नारायणगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उपचार के लिए लाया गया। जहां घायल का युवक का उपचार चल रहा है। जानकारी अनुसार नेशनल हाईवे 30 मार्ग में बसे ग्राम कालपी निवासी बृजेश मरकाम 32 वर्ष किसी कार्य से नारायणगंज के ग्राम भावल आए हुए थे। जहां से लौटते समय बृजेश की बाईक सामने से आ रहे किसी वाहन को देखकर अनियंत्रित हो गई और वह अपना संतुलन बाईक पर नहीं कर पाया। जिसके कारण बृजेश अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। हादसे में बृजेश को चोटे आई। स्थानीय लोगों की मदद से युवक बृजेश को 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज पहुंचाया गया। जहां घायल युवक का उपचार शुरू किया गया। फिलहाल युवक की हालत अभी ठीक है।

# मालवाहक ऑटो की टक्कर से सवारी ऑटो पलटा

**मंडला.** राजीव कॉलोनी झंडा चौक स्थित हनुमान मंदिर के सामने एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। पॉलीटेक्निक की तरफ से आ रहे एक मालवाहक ऑटो ने सामने से आ रहे एक खाली सवारी ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी, जिसके कारण सवारी ऑटो पलट गया। घटना के समय सवारी ऑटो पॉलीटेक्निक कॉलेज की तरफ जा रहा था और उसमें कोई भी यात्री सवार नहीं था। इस वजह से सवारी ऑटो चालक बाल-बाल बच गया, और एक बड़ा जनहानि का हादसा टल गया।

# मंडला एनआरसी की सफलता, गंभीर कुपोषित जुड़वा बच्चे 14 दिन के गहन उपचार के बाद हुए स्वस्थ

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की पहल पर रियांश और दिव्यांश का वजन 3 किलो पार, खून की कमी भी हुई दूर

**मंडला 24 अक्टूबर नभाप्र.** मंडला जिला चिकित्सालय के पोषण पुनर्वास केंद्र ने कुपोषण से जूझ रहे जुड़वा बच्चों को मात्र 14 दिन के गहन उपचार के बाद पूर्णतः स्वस्थ करके एक बड़ी सफलता हासिल की है। यह उपलब्धि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की जागरूकता और एनआरसी स्टाफ की विशेष निगरानी का परिणाम है। बताया गया कि लुडिया ग्राम निवासी रामकृपाल सैय्याम के जुड़वा बच्चे रियांश और दिव्यांश कुपोषण की श्रेणी में थे। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की पहल पर उन्हें 3 अक्टूबर को एनआरसी में भर्ती कराया गया था। भर्ती के समय रियांश का वजन 2.755 किग्रा और दिव्यांश का वजन 2.655 किग्रा था। एनआरसी प्रभारी डॉ. कमलेश ठाकुर शिशु रोग विशेषज्ञ की निगरानी में बच्चों का दो सप्ताह तक उपचार चला। जांच के दौरान बच्चों में खून की कमी पाए जाने के कारण उन्हें खून भी चढ़ाया गया। उपचार के बाद 16 अक्टूबर को दोनों बच्चों को स्वस्थ घोषित कर दिया गया। डिस्चार्ज के समय रियांश का वजन बढ़कर 3.045 किग्रा और दिव्यांश का वजन 3.195 किग्रा हो गया था। सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे के मार्गदर्शन में नर्सिंग स्टाफ इंदु जंघेला, रोशनी, प्रियंका द्वारा माँ व दादी को बच्चों की देखभाल के लिए आवश्यक परामर्श दिया गया है और 15 दिन में फॉलोअप के लिए बुलाया गया है।




# शतचंडी मैदान में हुआ अयोध्या जैसा उत्सव, भय प्रकट कृपाला की महाआरती से गूंज उठा पंडाल

श्रीराम कथा : महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद गिरि ने सुनाया श्रीराम जन्म का दिव्य वर्णन

**निवास 24 अक्टूबर नभाप्र.** निवास नगर के शतचंडी मैदान में चल रही संगीतमय श्री राम कथा के चौथे दिन जूना अखाड़ा के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद गिरि महाराज द्वारा श्रीराम जन्म की दिव्य कथा का वर्णन किया गया। इस दौरान कथा में मौजूद श्रद्धालु भजनों पर जमकर झूमे। महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद गिरि ने बताया कि किस प्रकार महाराज दशरथ के यहां महारानी कौशल्या, कैकेयी और सुमित्रा को पुत्र योग का शुभ संयोग बना। उन्होंने कहा कि महाराज के चारों पुत्रों के जन्म से संपूर्ण राज्य में आनंद का माहौल था। खुशी में हर ओर गंधर्व गान और नृत्य होने लगा, देवताओं ने पुष्प वर्षा की तथा महाराज दशरथ ने ब्राह्मणों को दान-दक्षिणा और दरबारियों को रत्न आभूषण भेंट कर आशीर्वाद लिया। भगवान राम के जन्म के वर्णन के साथ ही अयोध्या में मचे आनंद का वृत्तांत सुनाया, जिसमें राजा दशरथ ने संपूर्ण नगर में बधाइयाँ दीं और मिठाई बंटवाई। इस अवसर पर कथा पंडाल का माहौल भी पूरी तरह से उत्सवमय हो गया। पूरा पंडाल भय प्रकट कृपाला, दीनदयाला के महाआरती गायन से गुंजायमान हो उठा। भगवान श्री राम की बाल झांकी के साथ रंगीन आतिशबाजी और बैंड बाजों की धुन पर श्रद्धालु जमकर झूमे।



कथावाचक ने जन्म के विशिष्ट समय का भी सूक्ष्म वर्णन किया। उन्होंने बताया कि सबसे पहले महाराज दशरथ की बड़ी रानी कौशल्या ने जो शिशु को जन्म दिया, वह बेहद ही कांतिवान, नील वर्ण और तेजोमय था। इस शिशु का जन्म चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को पुनर्वसु नक्षत्र में हुआ था। इस समय सूर्य, मंगल, शनि, बृहस्पति तथा शुक्र अपने-अपने उच्च स्थानों में विराजित थे और कर्क लग्न का उदय हुआ था। इसके बाद शुभ नक्षत्रों में कैकेयी और सुमित्रा ने भी अपने-अपने तेजस्वी पुत्रों को जन्म दिया। अंततः कथा समापन होने के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

**हेल्पलाईन-9713644800**









वार्षिक खेल दिवस | खेल आयोजन से निखरती है बाल प्रतिभाएं-कलेक्टर

# हेल्दी-बॉडी, हेल्दी-माइंड की थीम पर ब्रेन चाइल्ड एकेडमी का वार्षिक खेल दिवस आयोजित






**मंडला 24 अक्टूबर नभाप्र.** हेल्दी-बॉडी, हेल्दी-माइंड की थीम पर ब्रेन चाइल्ड एकेडमी का वार्षिक खेल दिवस आयोजित किया गया। वार्षिक खेल दिवस पर मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा मुख्य अतिथि रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। हेल्दी-बॉडी, हेल्दी-माइंड की तर्ज पर आयोजित इस भव्य खेल दिवस पर अपने संबोधन में कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि खेल आयोजन से ही बाल प्रतिभाएँ निखरती हैं। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण और बच्चों के जीवन में ज्ञान की रोशनी के प्रतीक स्वरूप टार्च लाइटिंग से हुई। स्कूल के सभी बच्चों ने शानदार शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन करते हुए क्रमबद्ध मार्चपास्ट एवं पीटी (शारीरिक प्रशिक्षण) ड्रिल प्रस्तुत की। बच्चों ने कलात्मक जिमनास्टिक, भारतीय ओलंपिक विजेताओं पर डांस ड्रामा, टीम इंडिया डांस, कलात्मक योगा, महान धावक मिल्खा सिंह पर नाटकीय जीवनी और जुंबा डांस जैसी कलात्मक प्रस्तुतियाँ देकर मुख्य अतिथि एवं अभिभावकों का मन मोह लिया, जिसकी सभी ने खूब सराहना की।

### विजेताओं को दिए मेडल व प्रमाण पत्र

बताया गया कि वार्षिक खेल दिवस में 100 मीटर, 200 मीटर, रिले रेस और थीम रेस जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि कलेक्टर ने इस दौरान राज्य व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। खेल दिवस में सीनियर चैम्पियनशिप सूरज शुक्ला, जूनियर चैम्पियनशिप पाखी सिहारे और सब जूनियर चैम्पियनशिप मानवी नेताम ने जीती। खेल दिवस की अध्यक्षता ब्रेन चाइल्ड एकेडमी स्कूल के डायरेक्टर निशांत शुक्ला एवं प्राचार्या दिव्या शुक्ला ने की। वरिष्ठ कॉर्डिनेटर राजुल सिहांनी और सोनिया जैन ने कार्यक्रम का संचालन किया, जबकि खेल शिक्षक अभिषेक यादव एवं रवि ठाकुर ने आयोजन में विशेष भूमिका निभाई।





